**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान**
**(हिंदी अनुभाग)**

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29

फा.सं.5-1/2026-हिं.अ. दिनांक: 19.09.2026

**परिपत्र**

**विषय: संस्थान में हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता।**

संस्थान में माननीय निदेशक महोदय की अनुमति से दिनांक 16.09.2026 से 30.09.2026 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत दिनांक 22.09.2026 को दोपहर 2.30 बजे विभिन्न प्रतियोगिताओं के तहत **वाद-विवाद प्रतियोगिता** का भी आयोजन किया जा रहा है। नीचे दो विषय दिए गए हैं इनमें से एक विषय का चुनाव प्रतियोगिता के समय निर्णायक मण्डल द्वारा पर्ची चुनकर किया जाएगा और चुने गए विषय पर वाद-विवाद करना होगा। वाद-विवाद की अवधि चार मिनट की होगी।

| प्रतियोगिता का विवरण | विषय |
|---|---|
| दिनांक: 22.09.2026<br>स्थान: सेट फेसिलिटी<br>समय: अपराहन: 2.30 बजे | 1. ए आई रोजगार का अवसर या रोजगार के लिए खतरा?<br>2. क्या इलेक्ट्रिक वाहन वास्तव में पर्यावरण के लिए बेहतर हैं? |

**-: नियम एवं शर्ते :-**

1. **प्रत्येक प्रतिभागी को अपना पक्ष रखने के लिए 4 मिनट का समय दिया जाएगा। प्रारंभ के साढ़े तीन मिनट के बाद एक कम अवधि की घंटी बजेगी तथा उसके 30 सेकेंड के पश्चात एक लम्बी घंटी बजेगी। इस लंबी घंटी बजने के बाद प्रतिभागी को अपना कथन समाप्त करना होगा।**
2. **प्रतिभागी को केवल इस विषय से संबंधित पक्ष अथवा विपक्ष में ही अपने विचार प्रस्तुत करने होंगे।**
3. **प्रतिभागी को प्रतियोगिता में लिखित रूप से अपना पक्ष प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं होगी।**
4. **प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।**

विजय कुमार

**(विजय कुमार)**
**हिंदी अधिकारी**